प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.08.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

तिरंगा यात्रा

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी इस यात्रा में भाग लेंगे। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में एकता और राष्ट्रीय गर्व की भावना को बढावा देना है। इस बीच प्रदेश में भी हर घर तिंरगा अभियान के तहत भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश के आठ हजार बूथों पर चार लाख तिरंगे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को भाजपा प्रदेश भर में विभाजन विभीषिका के कार्यक्रम का आयोजन करेगी, जिसमें युवा पीढ़ी को देश के विभाजन की गाथा से अवगत करवाया जाएगा।

बागवानी मंत्री

बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय जिला के उपेक्षित वर्गों के विकास के लिए कृतसंकल्प है।किन्नौर जिला के पूह में आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्म महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर जगत सिंह नेगी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहारों के माध्यम से किन्नौर के लोगों में कठिन भौगोलिक परिस्थितयों के बावजूद भी आपसी मेल–जोल व भाईचारा बरकरार है। बागवानी मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष से यूनिवर्सल कार्टन लागू किया गया है जो प्रदेश के बागवानों के हितों में लिए गए निर्णयों में से एक है।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के बेरोजगार युवाओं, कारीगरों और बुनकरों को सूक्ष्म व लघु औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। हिमाचल प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड के निदेशक मंडल की शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए हर्षवर्धन चौहान ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023–24 के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए बोर्ड की सराहना की। हर्षवर्धन चौहान ने बोर्ड के 14 सेवानिवृत कर्मचारियों को वर्ष 2020 से लंबित करीब 89 लाख रुपये का भुगतान करने के निर्देश भी दिए। निदेशक मण्डल ने गांधी जयंती पर 2 अक्तूबर से खादी के उत्पादों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करने का निर्णय लिया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीती रात कुछ स्थानों पर बारिश होने का समाचार है। मौसम विभाग ने आगामी 18 अगस्त तक प्रदेश में मानसून के सक्रिय बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों में बाढ़ की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है। राज्य में पिछले दिनों हुई व्यापक वर्षा से नदी–नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार भूस्खलन से प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 1 सौ 97 सड़कें अवरूद्व हैं। इसके अलावा 2 सौ 11 बिजली के ट्रांसफार्मर व एक सौ 43 पेयजल परियोजनाएं भी ठप्प हैं।

हेमराज बैरवा

राष्ट्रीय राजमार्ग 154 से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां को जाने वाला मार्ग अब से 'नो पार्किंग जोन' रहेगा। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैरवा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 154 से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां को जाने वाले मार्ग के दोनों ओर लोग अपनी गाड़ियों और दोपहिया वाहन खड़े करते जिससे अस्पताल मार्ग पर एंबुलेंस और उपचार के लिए आने वाले मरीजों को आने–जाने में समस्या होती है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज समाचार पत्रों ने बाढ़ व भूस्खलन से हुए नुकसान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–चंबा में पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से चाची–भतीजे की मौत, एक जख्मी। पंजाब केसरी ने जजों हादसे पर लिखा है–देहलां में नौ शव पहुंचते ही मच गई चीखो पुकार, गांव में पसरा मातम। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–अब तक एक हजार करोड़ का नुकसान, 141 सड़कें व 277 ट्रांसफार्मर अब भी बंद। दिव्य हिमाचल कहा कहना है–47 दिन में मानसून ने डुबोये एक हजार करोड़–अब तक 110 लोगों की हो चुकी है मौत। दैनिक जागरण व हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिहं सुक्खू के हवाले से लिखा है–प्रतिकूल मौसम के कारण पीएम का हिमाचल दौरा टला।

दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है–हिमाचल में कैंसर के मामले बढ़ने की वजह का आईसीएमआर करेगा अध्ययन। आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–प्रदेश में एचआईवी अभियान ग्रामीण स्तर तक चलाया जाएगा।

पंजाब के दो प्रोफेसर साढ़े तीन लाख के साथ गिरफ्तार–विजिलेंस ने धर्मशाला में दर्ज किया दोनों पर मामला शीर्षक से खबर को अमर उजाला ने प्रमुखता दी है।